हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

रायपुर की आनंद वाटिका अब सज चुकी है

Welcome at

ANAND Vatika



HAPPY DUSSEHRA

Valet Parking

Sunday Open

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

Scan to Experience it live

खबर संक्षेप

रामकुमार और नोबेल कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त

रायगढ़। लोकतंत्र की बुनियाद पर चोट करने वाली कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस अब सड़क से गांव की चौपाल तक निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को छत्तीसगढ़ में व्यापक जनआंदोलन का रूप देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला स्तर पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पूर्व महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव को रायगढ़ शहर कांग्रेस व पूर्व विधायक नोबेल वर्मा को रायगढ़ ग्रामीण कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश के तहत विधायक रामकुमार यादव एवं नोबेल वर्मा जिले में अभियान के सफल संचालनए संगठनात्मक समन्वय और निर्धारित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे।

भूमिगत खदान के पास जमीन धंसी, ग्रामीणों में दहशत

बांकीमोंगरा। एसईसीएल की भूमिगत खदान क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेजीनारा में जमीन धंसने की घटना सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार जमीन में बना गहरा गड्ढा 15 फीट से अधिक गहरा हो चुका है। इस घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक जमीन धंसने से क्षेत्र में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। गड्ढे की गहराई अधिक होने और आसपास झाड़ियां होने के कारण खतरा और बढ़ गया है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं एसईसीएल प्रबंधन से मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कराने, जमीन धंसने के कारणों की जांच करने तथा सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है।

पानी में दिखाई देती है रावण की परछाईं

रावण दहन का अनोखा आयोजन कोरिया कॉलरी को अलग पहचान दिलाता है

ऐतिहासिक तालाब के बीच टापू पर जलाया जाता है रावण..उमड़ती है भीड़

कोरिया कॉलरी। नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी में इस बार दशहरे पर एक बार फिर अनोखे अंदाज में बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाएगा। यहां ऐतिहासिक पोखरी तालाब के बीच स्थित टापू पर मंगलवार को रावण दहन किया जाएगा।

पानी से लबालब तालाब के बीच टापू पर खड़े रावण के विशालकाय पुतले का दहन देखने के लिए क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह है। विशेष बात यह है कि तालाब के बीच टापू पर रावण दहन का यह अनोखा दृश्य कोरिया कॉलरी को दशहरे के आयोजनों में अलग पहचान दिलाता है। पानी में दिखाई देती रावण की परछाईं, चारों ओर फैली हरियाली और नाव से टापू तक पहुंचने की परंपरा इस आयोजन को यादगार बनाती है। कोरिया कॉलरी का यह आयोजन अपनी अनूठी परंपरा और प्राकृतिक परिवेश के कारण अन्य स्थानों के रावण दहन से अलग पहचान रखता है। तालाब के बीच टापू पर रावण का पुतला, नजारा बना आकर्षण का केंद्र कोरिया कॉलरी का पोखरी तालाब लंबे समय से अपनी विशिष्ट पहचान के लिए जाना जाता है लेकिन दशहरे के अवसर पर इसकी खूबसूरती और भी खास हो जाती है। तालाब के बीच बने छोटे से टापू पर रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। चारों तरफ पानी और बीच में स्थापित रावण का पुतला दूर से ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। तालाब के शांत पानी में रावण के पुतले की परछाईं इस दृश्य को और भी मनमोहक बना रही है। आसपास की हरियाली, पहाड़ियों और खुले प्राकृतिक वातावरण के बीच खड़ा रावण का पुतला आयोजन को एक



अलग ही रूप दे रहा है। यही वजह है कि कोरिया कॉलरी का रावण दहन क्षेत्र में विशेष आकर्षण का केंद्र माना जाता है। नाव से टापू पर पहुंचेंगे राम, लक्ष्मण और सीता इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि रावण दहन के लिए राम, लक्ष्मण और सीता नाव के माध्यम से तालाब के बीच स्थित टापू तक पहुंचेंगे। इसके बाद मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा रावण दहन किया जाएगा। पानी से घिरे टापू तक नाव से पहुंचने की यह परंपरा आयोजन को रोमांचक और यादगार बनाती है। जहां अधिकांश स्थानों पर खुले मैदानों में रावण दहन किया जाता है, वहीं कोरिया कॉलरी में तालाब के बीच टापू पर रावण दहन का दृश्य अपने आप में विशिष्ट है। पानी के बीच टापू पर खड़े रावण के पुतले और नाव से पहुंचने वाले राम, लक्ष्मण व सीता का दृश्य दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। दिन-रात मेहनत कर रहे कारीगर तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप दशहरा पर्व को लेकर रावण दहन समिति की तैयारियां तेज हो गई हैं रावण के पुतले को आकर्षक स्वरूप देने के लिए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पुतले के निर्माण से लेकर उसे टापू पर स्थापित करने और आयोजन की व्यवस्थाओं तक विभिन्न कार्यों को पूरा करने में समिति जुटी हुई है। तस्वीरों में तालाब के बीच टापू पर पीले वस्त्रों से सजा रावण का पुतला दिखाई दे रहा है। उसके दस सिर, आकर्षक वेशभूषा और विशाल आकृति आयोजन की भव्यता को दशार्ती है। पुतले के आसपास लगाए गए ढांचे और अन्य निर्माण सामग्री से साफ है कि आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति का प्रयास है कि दशहरे के दिन आयोजन को व्यवस्थित और आकर्षक बनाया जाए, ताकि यहां पहुंचने वाले लोग इस अनूठे रावण दहन का आनंद ले सकें।

परंपरा, आस्था का संगम

दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि सत्य की असत्य पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक भी है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध किए जाने की स्मृति में मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जाता है। कोरिया कॉलरी में इस धार्मिक परंपरा को तालाब के बीच टापू पर रावण दहन के अनोखे स्वरूप में प्रस्तुत किया जाता है। यहां का आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है। पोखरी तालाब के बीच रावण दहन का दृश्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है और इस अनूठी परंपरा के कारण कोरिया कॉलरी का दशहरा विशेष पहचान बनाता है। आज रहेगा विशेष आकर्षण आज होने वाले रावण दहन को लेकर क्षेत्र में उत्सुकता का माहौल है। आयोजन के दिन तालाब के आसपास लोगों की भीड़ जुटने की संभावना है। अब सभी की निगाहें दशहरे के दिन होने वाले उस खास पल पर टिकी हैं, जब नाव से टापू तक पहुंचकर भगवान श्रीराम रावण के पुतले का दहन करेंगे।

शारदीय नवरात्र: नौ दिनों तक बही भक्ति की बयार

पूजा पंडालों में हवन-पूजन, विसर्जन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शारदीय नवरात्र के नवमीं तिथि सोमवार को पूजा पण्डालों में माता का श्रृंगार का विधि विधान के साथ सिद्धीदात्री रूप की आवश्यक पूजन सामग्री के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं श्रद्धालुओं ने भी अपने घरों में नवमी तिथि की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शहर के विभिन्न पूजा पण्डालों में कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

कन्याओं के माता स्वरूप में विधि विधान के साथ पूजा कर भोग प्रसाद चढ़ाया गया और आर्शीवाद प्राप्त किया गया। इसके अलावा कई श्रद्धालुओं ने अपने घरो में भी नवमी तिथि को कन्या पूजन का आयोजन कर कन्याओं का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भोग चढ़ाया गया। कन्या पूजन को लेकर शहर के सभी पूजा पण्डालो में दोपहर के समय कन्याओं का पूजन कार्यक्रम चलता रहा। वही नवमी तिथि को सभी पूजा पण्डलों में विशेष हवन पूजन कार्यक्रम भी आयोजित की गई। पूजा अर्चना पश्चात अनेक पूजा पण्डालों में विशाल भण्डारा कार्यक्रम भी दोपहर से अपरान्ह देर तक चलता रहा जहां माता का प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोग जुटते रहे।



देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिनों में जहां दुर्गा पूजा पण्डालों में प्रतिदिन शाम ढ़लने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है वही देवी मंदिरों में भी सुबह होने के साथ ही भक्तजन माता के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए जुट रहे है। शहर के निकट अंचल का प्रसिद्ध आस्था का केंद्र मां रमदईया माता के धाम में भी सुबह से शाम ढ़लने के बाद भी यहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। इस कारण यहां इन दिनों मेले जैसे नजारे दिखाई दे रहा है। खडगवां के निकट ग्रामा चनवारीडांड स्थित मां महामाया मंदिर में हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योत जल रही।

भांडी में निकाली गई नव माताओं की चैतन्य झांकी



शहर के समीप ग्राम भांडी स्थित देवालय दुर्गा पूजा समिति द्वारा शारदीय नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर नव माताओं की दिव्य एवं चैतन्य झांकी निकाली गई। इस दौरान माता के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवालय दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचे। आयोजन के दौरान समिति के सदस्यों ने सभी नव माताओं का विधिवत पूजन-अर्चन किया और श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं सत्कार किया। झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। माता के जयकारों और भक्तिमय माहौल से पूरा पूजा पंडाल गूंज उठा। अष्टमी पर्व पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

रमदईया धाम से निकली ज्वारा शोभायात्रा

शहर के कुमार चौक में रमदईया धाम से जवारा शोभायात्रा लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं का देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा स्वागत एवं सेवा की गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे समेत अन्य सदस्यों ने श्रद्धालुओं को फल, मिष्ठान, कोल्ड ड्रिंक एवं ठंडा पानी वितरित कर उनकी सेवा की। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से जुड़े इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने जवारा लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया। सेवा समिति के इस प्रयास से श्रद्धालुओं को राहत मिली। धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और सहयोग की भावना सामाजिक समरसता एवं आपसी सद्भाव का संदेश देती है।



चार महिलाओं की मौत के बाद फरार पिकअप चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पटना थाना क्षेत्र के ग्राम करजी तालाब के पास 2 अक्टूबर को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत के मामले में कोरिया पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर दुर्घटनाकारित वाहन और उसके चालक की पहचान कर ली है। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद फरार हुआ वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक जेएच 03 एयू 6791 है। इसके चालक की पहचान राजू कुमार गुप्ता, निवासी ग्राम एवं थाना रमकंडा, जिला गढ़वा, झारखंड के रूप में की गई है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 2 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे ग्राम छिंदिया निवासी अमित सिंह अपने ऑटो में लगभग 14-15 महिलाओं को लेकर ग्राम बिलारो से तीज नहावन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गृह ग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान पटना थाना क्षेत्र के ग्राम करजी तालाब के पास बैकुण्ठपुर की ओर से आ रही एक बोलेरो पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में ऑटो सवार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।





तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 चार महिलाओं की मौत के बाद फरार पिकअप चालक गिरफ्तार



खबर संक्षेप

कनकपुर सिलफिली में पुलिस स्मृति दिवस का 21 को

बिश्रामपुर। कनकपुर सिलफिली स्थित दसवीं वाहिनी छतीसगढ़ शस्त्र बल प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस का भव्य आयोजन किया गया है,इस अवसर पर बुधवार 21 अक्टूबर को आईजी पुलिस सरगुजा रेंज दीपक झा के मुख्य आतिथ्य में कर्तव्य की वेदी पर शहीद जवानों को शहीद स्मारक पर रीथ/पुष्पांजली अर्पित कर परेड द्वारा सलामी दी जाएगी,कार्यक्रम प्रातः नौ बजे आयोजित होना निर्धारित किया गया है।

धान खरीदी शुरू होने से पहले ही सक्रिय हुए तस्कर और बिचौलिए

अंबिकापुर। धान खरीदी की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है और बलरामपुर जिले में बाहरी धान खपाने वाले तस्कर सक्रिय भी हो गए है। बड़ी मात्रा में यूपी का धान जिले में लाकर बिचौलियों के माध्यम से खपाए जाने की योजना है इसके लिए अभी से ही दीगर राज्यों से धान का परिवहन कर भंडारण किया जा रहा है। इस बात का खुलासा जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से हुआ है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने धनवार चेक पोस्ट में जांच के दौरान तीन ट्रक अवैध धान पकड़ा है जबकि इसके पहले भी चार पिकअप अवैध धान पकड़ा गया था। जब्त किए गए धान को थाना के सुपुर्द किया गया है। बता दें कि खरीफ सीजन के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान बलरामपुर जिले में बड़े पैमाने पर तस्कर यूपी से धान लाकर बिचौलियों के माध्यम से जिले की समितियों में खपाने का काम करते है। प्रतिवर्ष धान खरीदी के सीजन में सैकड़ों क्विंटल धान जब्त किय जाता है लेकिन इसके बाद भी कई समितियों में तस्कर बिचौलियों के माध्यम से धान खपाने में कामियाब हो जाते है। धान खरीदी के दौरान अवैध धान खपाए जाने से रोकने के लिए बलरामपुर जिले में पहले से ही सख्ती शुरू कर दी जाती है ऐसे में तस्करों द्वारा भी अब नये नये हथकंडे अपनाए जा रहे है। तस्करों द्वारा अभी से ही धान को अलग अलग मार्गों से बलरामपुर जिले में लाया जा रहा है और कोचियों बिचौलियों के माध्यम से भंडारित कराया जा रहा है ताकि धान खरीदी शुरू होने पर वे उसे समितियों में खपा सके।

महानवमी पर उमड़ा सैलाब, विधि विधान से हवन पूजन के साथ नवरात्र का समापन

मंदिरों में कराया गया कन्या भोज, दुर्गा पंडालों में भी उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

देवी की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन महानवमी के अवसर पर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के महामाया मंदिर समेत सभी शक्तिपीठों में भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही माता के दर्शन किए। वहीं दुर्गा पंडालों में विशेष पूजा अर्चना की गई जबकि जगह जगह कन्या भोज आयोजित किए गए जिसमें कन्याओं की पूजा करने के बाद उन्हें भोज कराया गया। भक्तों के मंदिरों में माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

शारदीय नवरात्र के अवसर पर सरगुजा संभाग सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है। शहर माता के जसगीतों से गुंजायमान है, मंदिरों व दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। पंडालों में जगराता के साथ ही समितियों द्वारा डांडिया कार्यक्रम कराए जा रहे है व जगह जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को सुबह अष्ठमी तिथि रही जबकि इसके बाद महानवमी की तिथि शुरू हुई। महा अष्टमी और महा नवमी के मौके पर मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। शहर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, गायत्री मंदिर, वन देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। हजारों की संख्या में भक्त महामाया मंदिर पहुंचे थे। महामाया मंदिर में लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।





सरगुजा महाराज ने की संधि पूजा: शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महा नवमी के दिन सरगुजा राजपरिवार के महाराजा टीएस सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी युवराज आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कुलदेवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर संधि पूजा की। बता दें कि मां महामाया सरगुजा राज परिवार की कुलदेवी है ऐसे में महाराज श्री सिंहदेव ने मंदिर पहुंचकर माता का विशेष श्रृंगार करने के साथ ही आरती पूजा की। वहीं मंगलवार को सरगुजा राज परिवार द्वारा वर्षों से चली आ रही परम्परा के तहत अश्व, गज, नवग्रह, शस्त्र, नगाड़ा एवं द्वार पूजा की जाएगी। पूजा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। महाराजा टीएस सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी युवराज आदित्येश्वर शरण सिंहदेव दोपहर 3.30 बजे से पैलेस स्थित कचहरी में बैठेंगे एवं आमजन से मिलेंगे। इसके स्थ ही दोपहर में साढ़े तीन बजे से रघुनाथ पैलेस आम जन के लिए खुलेगा।

हवन पूजन के साथ कन्या भोज

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शहर के महामाया मंदिर के साथ ही गायत्री मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में लोगों ने विधि विधान से हवन पूजन किया। हवन पूजन के बाद मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्याओं का आर्शीवाद लेने के साथ ही भोज कराया गया। महानवमी पर माता सिद्धिदात्री की विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं भक्त अपने उपवास का समापन मंगलवार को दसवीं तिथि लगने पर करेंगे। इसके साथ ही दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। महानवमी पर भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया व शहर में घूमने व माता के दर्शन करने आए भक्तों ने माता के प्रसाद को ग्रहण किया। मंदिरों व पंडालों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

आज निकलेगी शोभा यात्रा

विजयादशमी के मौके पर बुधवार को सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा राम मंदिर से दोपहर में प्रारम्भ होगी और जयस्तंभ चौक, सदर रोड, देवीगंज रोड, घड़ी चौक, अम्बेडकर चौक होते हुए पीजी कॉलेज मैदान में समाप्त होगी। भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान के साथ निकली शोभायात्रा उपरान्त पीजी कॉलेज मैदान में विजयादशमी के मौके पर रावण दहन किया जाएगा। रावण दहन को लेकर समितियों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। वहीं हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा भी मंगलवार को विजयदशमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा की तैयारियां की गई है।

शराब के नशे में धुत मिले एएसआई और आरक्षक, लावारिस पड़ी थी इंसास रायफल

अंबिकापुर। मुलजिम पेशी में आए दुर्ग जिले के सहायक उप निरीक्षक और आरक्षक के शराब के नशे में धुत होकर बेसुध पड़े रहने का मामला सामने आया है। पुलिसकर्मी प्रतीक्षा बस स्टैंड शराब दुकान के पास नशे में जमीन पर पड़े मिले जबकि उसकी इंसास रायफल भी घंटों लावारिश पड़ी रही। अब इस मामले वीडियो वायरल होने के बाद दुर्ग एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि दुर्ग जिले में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जीवन प्रकाश एक्का और आरक्षक ऋषिकांत त्रिपाठी 17 अक्टूबर को मुलजिम पेशी के लिए अंबिकापुर



भेजा गया था। दोनों आरोपियों को सेंट्रल जेल में छोड़ने के बाद ड्यूटी से मुक्त होकर शराब पीने प्रतीक्षा बस स्टैंड चले गए। इस दौरान शासकीय शराब दुकान के समीप बैठकर दोनों ने जमकर शराब पी। शराब पीकर दोनों पुलिसकर्मी इस कदर नशे में धुत हुए कि वे बेहोश हो गये। इस दौरान उनका इंसास रायफल भी लावारिश हालत में पड़ा रहा। इस घटना का वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने पुलिस टीम को भेजकर इंसास रायफल को सुरक्षित कराने के साथ ही घटना की सूचना दुर्ग एसएसपी को दी। सूचना के बाद मामले में दुर्ग एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जंगली सुअर का शिकार करने हाईवोल्टेज तार की चपेट में आने से युवक की मौत

सीतापुर। जंगली सूअर का शिकार करने जंगल में बिछाए गए हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। चिड़िया का शिकार करने जंगल गया युवक खुद शिकारियों का शिकार हो गया। इस घटना के बाद मृतक के घर मे मातम छा गया है। इस मामले में पुलिस ने शव का



पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे घरवालों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड मैनपाट के तराई गांव कुनकुरी खुर्द निवासी 28 वर्षीय सिंधु प्रकाश आ. साधराम रविवार की शाम चिड़िया का शिकार करने जंगल की ओर गया था। युवक चिड़िया का शिकार करने के बजाए खुद शिकारियों का शिकार हो गया। दरअसल जंगल मे जंगली सूअर का शिकार करने शिकारियों द्वारा हाई वोल्टेज तार बिछाया गया था। जिसकी चपेट में आने के बाद युवक बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और रात को ही शव हॉस्पिटल भिजवा दिया।



खबर संक्षेप

मायके पक्ष द्वारा पत्नी का गर्भपात कराने का धमकी देने पर पति ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। मायके पक्ष के लोगों द्वारा पत्नी का गर्भपात कराने की धमकी देने से परेशान हुआ पति ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। एक सप्ताह ससुराल में पत्नी के साथ रहकर अकेले घर आए युवक को मायके पक्ष के लोगों ने पत्नी को ले जाने पर उसकी गर्भपात कराने की धमकी दिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भईयाथान थाना अंतर्गत ग्राम दरीपारा निवासी आकाश जायसवाल आ. सुनील जायसवाल 8 अक्टूबर को घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन युवक को भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से सूरजपुर भेज दिया गया। युवक की हालत में सुधार नहीं होने पर 12 अक्टूबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को रायपुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता सुनील जायसवाल ने पुलिस को बताया कि एक माह पूर्व चार माह की गर्भवती पत्नी चंदा जायसवाल अपने भाई आशीष व चाचा नंदकेश्वर के साथ मायके आराम करने गई थी। तीन चार दिन बाद पति आकाश पत्नी को लेने ससुराल गया। एक सप्ताह ससुराल में रहने के बाद अकेले घर आ गया। पूछताछ में बताया आकाश ने बताया कि ससुराल वाले पत्नी को आने नहीं दे रहे है और परिजन को बुलाया है। जिस पर सुनील जायसवाल पत्नी के साथ बेटे के ससुराल गया जहां समाज की बैठक में लोगों ने दोनों पक्षों को समझाश दी जिसके बाद पत्नी को भेजने राजी हो गए। 8 अक्टूबर को आकाश ने कीटनाशक पी लिया और पूछताछ में उसने बताया कि उसके ससुराल पक्ष के डेढ़साला आशीष, उसकी पत्नी, चाचा नंद केश्वर व उसकी पत्नी ने फोन कर कहा कि चंदा की मोबाइल को देखो गए तो तुम्हारी पत्नी का बच्चा गिरा देंगे। ससुराल वालों की बात को सुनकर कीटनाशक पी लेने की बात बताई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

स्कूल से देरी से आने पर पिता ने डांटा तो छात्रा ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। स्कूल से देरी से आने पर जब पिता ने बेटी से पूछताछ कर डांटा तो छात्रा ने कीटनाशक पी ली। परिजन छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।
जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम खालपोड़ी निवासी सोना यादव आ. शिव सागर यादव (15 वर्ष) कक्षा 10वी में पढ़ाई करती थी। 12 अक्टूबर को सोना यादव स्कूल से घर देर आई तो पिता पूछताछ कर डांटा तो छात्रा नाराज हो गई और अपने कमरे में जाकर कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन छात्रा को धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने छात्रा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन छात्रा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

बांकी नदी पर 2.55 करोड़ रुपये के उच्चस्तरीय पुल का कृषि ने किया भूमिपूजन



बलरामपुर। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने मंगलवार को रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बानापाती में बानापाती-धमनी मार्ग पर बांकी नदी पर बनने वाले उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का विधिवत भूमिपूजन किया। लंबे समय से प्रतीक्षित इस पुल के लिए 255.60 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि बांकी नदी पर पुल का सपना इस क्षेत्र के लोगों ने वर्षों से संजोया था और आज उसे साकार करने की दिशा में पहला कदम उठाया गया है। श्री नेताम ने कहा कि सड़क और पुल केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं होते, बल्कि गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली जीवनरेखा होते हैं। बेहतर संपर्क सुविधा से व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलती है। न्होंने निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों को गुणवत्ता से समझौता किए बिना निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अग्रसेन भवन से निकलेगी विशाल शोभायात्रा, मेरठ की प्रसिद्ध झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र

सूरजपुर में आज 60 फीट ऊंचे रावण कुम्भकर्ण, मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर



असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व सूरजपुर में इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। शहर में दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सूरजपुर सेवा समिति के आयोजन तथा शहर की समस्त दुर्गा पूजा समितियों की अगुवाई में इस वर्ष भी परंपरानुसार 20 अक्टूबर को अग्रसेन स्टेडियम में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में परंपरा अनुरूप 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन भी किया जाएगा। धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों से सजी शाम को यादगार बनाने के लिए आयोजक जुटे हुए हैं।
दशहरा महोत्सव के अंतर्गत आज 20 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे अग्रसेन भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां और धार्मिक प्रस्तुति उत्सव की छटा बिखेरेंगी जो भैयाथान रोड, मेन रोड, नवापारा, केतका रोड होते हुए स्टेडियम पहुंचेगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और शहरवासियों में उत्साह का माहौल है। 20 अक्टूबर को अग्रसेन स्टेडियम में मुख्य आयोजन के दौरान राम दरबार की झांकी का मंचन, पूजा-अर्चना, मेरठ की प्रसिद्ध झांकी, राम-रावण संवाद एवं मंचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक भजन संध्या और भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। दशहरा महोत्सव में भगवान श्रीराम और रावण के बीच संवाद एवं युद्ध का मंचन किया जाएगा। इसके साथ ही शिव महिमा, शिव तांडव, शिव विवाह की विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी। आयोजन में 11 फीट ऊंचाई वाले गुरिल्ला की झांकी सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां दर्शकों को आकर्षित करेंगी। धार्मिक भजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। सूरजपुर सेवा समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल एवं सचिव रामकृष्ण ओझा ने बताया कि दशहरा महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शहर की समस्त दुर्गा पूजा समितियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। महोत्सव में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, कलेक्टर रेना जमील, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, डीएफओ विपुल अग्रवाल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाटले अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

55 फीट ऊंचे रावण, मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला दहन आज

प्रतापपुर। दशहरा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड, बस स्टैंड प्रतापपुर में रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन किया जाएगा। आयोजन में 55 फीट ऊंचे पुतले विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस दौरान मंच पर राम-रावण युद्ध की शानदार प्रस्तुति के साथ भव्य आतिशबाजी एवं कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। दशहरा महापर्व को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह है। प्रतापपुर में हर वर्ष दशहरा उत्सव के दौरान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। अनुमान है कि इस भव्य आयोजन में करीब 15 से 20 हजार श्रद्धालु एवं दर्शक शामिल होकर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व मनाएंगे। विशाल पुतला दहन, राम-रावण युद्ध और आकर्षक आतिशबाजी के बीच पूरा स्टेडियम ग्राउंड उत्सव के रंग में रंगने को तैयार है।



नगर में 75 फीट रावण का होगा दहन, आतिशबाजी और भजनों से सजेगा विजयदशमी का उत्सव

रामानुजगंज। बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय के प्रतीक विजयदशमी पर्व पर नगर में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी संस्था सागर मोती फाउंडेशन के तत्वावधान में 20 अक्टूबर की शाम 6 बजे नगर के हाई स्कूल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम संपन्न होगा। इस वर्ष लगभग 75 फीट लंबे रावण के पुतले का निर्माण कराया गया है। भव्य आतिशबाजी और भजनों की धुन के बीच होने वाला यह आयोजन नगर वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।
आयोजन समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से सागर मोती फाउंडेशन द्वारा विगत कई वर्षों से विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी आयोजन को भव्य स्वरूप देने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक आतिशबाजी के बीच रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना का संदेश देता है। रावण दहन बुराइयों का त्याग कर अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम संयोजक रमन अग्रवाल ने सभी नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने कहा है।

बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही, 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से महिला का हाथ कटा

रामानुजनगर। बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण आज एक महिला जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। रामानुजनगर फीडर से पिवरी की ओर गई 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में आने से घास ढोकर घर लौट रही महिला न सिर्फ गंभीर रूप से झुलस गई बल्कि उसका हाथ कट कर अलग हो गया। महिला की गंभीर हालत होने पर सूरजपुर रेफर किया गया है।
जानकारी के अनुसार ग्राम पिवरी निवासी शांति पति अजय (28 वर्ष) अपने सिर पर घास का गट्ठर लेकर आ रही थी। इसी दौरान नीचे लटके हुए 11 हजार वोल्ट विद्युत तार से घास का संपर्क हो गया। करंट लगते ही महिला का दाहिना हाथ का पंजा कटकर दूर जा गिरा, वहीं बाजू, कंधे और चेहरे पर गंभीर रूप से जल गई। हादसे के बाद महिला अचेत अवस्था में खेत में ही पड़ी रही। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जब महिला को देखा तो तुरंत इसकी सूचना परिजन को दी।



परिजन ने तत्काल बिजली विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के जेई, कर्मचारी और थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस और बिजली विभाग द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय सूरजपुर रेफर कर दिया।

मात्र 6 फीट पर लटका था तार

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है, वहां बिजली का तार महज 6 फीट की ऊंचाई पर लटका हुआ था। मौके पर बिजली विभाग के ही एक कर्मचारी को खड़ा कर जब तार की ऊंचाई मापी गई तो हाथ ऊपर करने पर तार ढोनों हाथों के नीचे आ गया। इससे विभाग की उदासीनता और लापरवाही स्पष्ट होती है। रामानुजनगर क्षेत्र के कई पंचायतों के गांव, मोहल्लों और पारा में आज भी बिजली के तार इसी तरह नीचे झूलते हुए देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों और परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस तरह झूल रहे सभी बिजली तारों को चिन्हित कर ऊंचा किया जाए और घायल महिला के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए,

करेंगे पूरी मदद

आज मैं मुख्यालय पर नहीं हूं, घटना की जानकारी मिली है। यह घटना गंभीर विषय है। बिजली कंपनी की तरफ से दिया जाने वाला संपूर्ण उपचार और सहायता दी जाएगी।

आशीष लकड़ा,एई

प्लांट में आगजनी, अधिकारियों पर हमला चक्का जाम मामले में 6 गिरफ्तार

सूरजपुर/बिहारपुर। ट्रैक्टर दुर्घटना के बाद क्रेशर प्लांट में आगजनी, अधिकारियों पर हमला, उन्हें बंधक बनाए जाने के साथ ही चक्का जाम कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले छह आरोपियों को चांदनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।
बता दें कि बिहारपुर के कुबेरपुर में ट्रैक्टर की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला चन्द्रावती जायसवाल पति संजय जायसवाल की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम विरोध प्रदर्शन के साथ ही क्रेशर प्लांट में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही तहसीलदार, एसडीओपी, टीआई के साथ हाथापाई की थी। इस मामले में पुलिस ने कड़ा एक्सन लिया है। मामले में क्रेशर प्लांट संचालक खाल बहरा निवासी महावीर पाठक के मुंशी ठाड़पाथर निवासी राज नारायण पाण्डेय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब क्रेशर संचालक ट्रैक्टर चालक जयकुमार वैस द्वारा



एक्सीडेंट किए जाने और मिहीला की मौत के बाद गांव के छकउ, सुभगलाल, मनीष यादव, मुन्नीलाल यादव सहित अन्य लोगों के द्वारा संगठित रूप से कुबेरपुर चौक के पास एकत्र होकर प्रदर्शन कर रहे थे और उग्र होकर रात में डीजल पेट्रोल लेकर प्लांट पहुंचे और क्रेशर प्लांट, मकान, 1 जेसीबी मशीन, 1 डिजी (जनरेटर), 1 मोटर सायकल, 1 ट्रेक्टर तथा कुर्सी टेबल को आग लगा दिये। इस मामले में एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर एएसपी योगेश देवांगन, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जांच जा रही थी।

धान की फसल की जगह निकले करगा, सीएम हेल्प लाइन में शिकायत

सीतापुर। सीएम हेल्पलाइन नंबर पर किसान द्वारा धान बीज कंपनी के खिलाफ की गई शिकायत के बाद कृषि विभाग की टीम मौके पर जांच करने पहुंची। उपसंचालक कृषि पीएस दिवान के नेतृत्व में धान बीज की गुणवत्ता की जांच करने पहुंची टीम को जांच में काफी कमियां नजर आई जिसके बाद कृषि विभाग द्वारा धान बीज कम्पनी के क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर समेत कृषि सेवा केंद्र एवं किराना दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम ग्राम भवराडांड निवासी किसान रामकुमार लकड़ा आ. लक्ष्मण राम लकड़ा द्वारा पान जमुना धान बीज कंपनी से 12 सौ रूपए पैकेट के दर से दो पैकेट धान बीज लिया था जिसे किसान ने बड़े उम्मीद के साथ अपने 1 एकड़ 14 डिसमिल के खेत में बोया था ताकि अच्छी फसल कमा कर वो आर्थिक रूप से संपन्न हो सके। किंतु किसान के इस अरमान पर मिलावटी धान बीज ने पानी फेर दिया। किसान द्वारा खेत मे की गई धान बीज की बुआई के बाद उसके खेत मे धान की जगह करगा उग आये। किसान ने जब देखा कि उसके खेत मे धान की जगह 99 प्रतिशत



करगा उग आए हैं जो उसके मूल धान के फसल को भी नष्ट कर रहे हैं तब उसने सीएम हेल्पलाइन नंबर में पान जमुना धान बीज कंपनी द्वारा मिलावटी बीज सप्लाई करने का आरोप लगा शिकायत कर दी। शिकायत के बाद कृषि विभाग की टीम उपसंचालक कृषि पीतांबर सिंह दिवान के नेतृत्व में मामले की जांच करने किसान के खेत में पहुंची। जांच के दौरान किसान द्वारा धान बीज कंपनी के विरुद्ध लगाए गए सारे आरोप सही पाए गए जिसके बाद उपसंचालक कृषि ने बीज कंपनी के प्रतिनिधि एवं विक्रेताओं को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि बीज कंपनी को शासन के मंशा अनुरूप किसानों को शुद्ध एवं मानक बीज उपलब्ध कराना चाहिए।

लटोरी मार्ग में साड़ी खरीदने के बहाने दुकान में घुसी महिलाएं 36 हजार रुपए की साड़ियां चुराई, 12 गिरफ्तार

बिश्रामपुर। लटोरी-करवाँ मार्ग स्थित विकास वस्त्रालय में साड़ी खरीदने के बहाने पहुंचीं महिलाओं ने शातिर तरीके से 36 हजार रुपये की साड़ियां पार कर दीं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 महिलाओं और दो पुरुषों सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई साड़ियां भी बरामद कर ली गई हैं।
पुलिस के अनुसार, दुकान संचालक विवेकानंद विश्वास पिता सुशील विश्वास ने शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे दो कारों से आधा दर्जन महिलाएं उनकी दुकान पहुंचीं,महिलाओं ने साड़ियां दिखाने को कहा,दुकानदार उन्हें साड़ियां दिखाने में व्यस्त था,तभी महिलाओं ने मौका देख पांच साड़ियां छीपाकर पार कर दीं,इसी समूह की कुछ महिलाएं दुकान से लगे गोदाम में भी साड़ियां देखने के बहाने पहुंचीं और वहां से साड़ियों का एक बंडल लेकर चुपके से निकल गईं। महिलाओं के जाने के बाद दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।



बनारस रोड पर तंबू लगाकर बेचने की फिराक में थीं

शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की,इसी दौरान पता चला कि संदिग्ध महिलाएं बनारस रोड पर सड़क किनारे तंबू लगाकर चोरी की साड़ियां बेचने के लिए बैठी हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को हिरासत में लिया और चौकी लाकर दुकान संचालक से पहचान कराई। इसके बाद चोरी गई साड़ियां बरामद कर ली गईं। सभी आरोपी राजस्थान के बारां जिले के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं,पुलिस के अनुसार उक्त सभी पकड़े गए आरोपी घुमंतू प्रवृति के हैं, इसी तरह के ठगी के कारोबार इनके द्वारा चलाने की जानकारी पूछताछ में सामने आई है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) और 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है,सभी 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है।

किराना दुकान में चोरों को धावा, पार किया सामान

अम्बिकापुर। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के घर से करीब 50 मीटर दूर स्थित किराना दुकान में चोरों ने छत की सीमेंट शीट तोड़कर दुकान से नकदी सहित सामान पार कर दिया। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। दुकान संचालक के अनुसार एक सप्ताह पहले भी दुकान का ताला तोड़कर दस हजार रुपये नकद चोरी किए गए थे। लगातार हुई चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर निवासी सुरेश अग्रवाल की किराना दुकान मणिपुर थाना क्षेत्र में स्थित है। बीती रात चोरों ने दुकान की छत पर लगी सीमेंट की शीट तोड़कर अंदर दाखिल हुए और दुकान में रखे सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मणिपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

संकुल समन्वयकों की हुई नियुक्ति, कार्यों में आएगी तेजी

रामानुजनगर। विकासखंड रामानुजनगर में शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से संकुल समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालन, समग्र शिक्षा के माध्यम से की गई इन नियुक्तियों से विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के बेहतर संचालन तथा शासन की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। जारी नियुक्ति के अनुसार विकासखंड के विभिन्न संकुलों में जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। द्वारिकापुर संकुल में उमेश्वर सिंह, छिंदिया में मुकेश सिंह, कोट में राधेश्याम साहू, सुरता में मानसाय सिंह, पतरापाली में योगेश साहू, अर्जुनपुर में महिपाल सिंह तथा कृष्णापुर संकुल में सतीश साहू को संकुल समन्वयक नियुक्त किया गया है।
संकुल समन्वयक विद्यालयों और विकासखंड स्तर के शैक्षिक प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उनकी भूमिका विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी, शिक्षकों के साथ समन्वय, विभागीय निर्देशों के पालन, विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों में सुधार तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा में महत्वपूर्ण होती है। नियमित समन्वय एवं समयबद्ध कार्यवाही से विद्यालयों में आने वाली समस्याओं का निराकरण करने और शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। जिला मिशन समन्वयक मनोज साहू ने संकुल समन्वयकों की नियुक्ति के बाद शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विभागीय कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई है। उन्होंने जिले में संचालित विशिष्ट शैक्षिक पहल शब्दबीज एवं सूर्योदय सूरजपुर के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। इस पहल के अंतर्गत बच्चों की भाषा संबंधी दक्षताओं, पठन-पाठन की आदतों और बुनियादी शैक्षणिक क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, एमबीयू से संबंधित कार्यों तथा बुक स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण विभागीय कार्यों में भी शीघ्र प्रगति की अपेक्षा की गई है।

TOP IN SURGUJA













असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..

HAPPY Dussehra

विजयदशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
आलोक दुबे
पार्षद - नगर पालिक निगम अम्बिकापुर

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
विकास पाण्डेय
पार्षद नगर पालिक निगम अम्बिकापुर
संयोजक - सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज
उपाध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी, सरगुजा
अध्यक्ष - सरगुजा कुश्ती संघ

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
सिकंदर जायसवाल
(पूर्व पार्षद)

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
रूपेश दुबे
जिला मीडिया प्रभारी
भारतीय जनता पार्टी, सरगुजा

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
विनोद कुमार दुबे
अतिरिक्त लोक अभियोजक
अम्बिकापुर

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
मनीष सिंह
एमआईसी सदस्य
नगर पालिक निगम , अम्बिकापुर

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
स्वादिष्ट व लजीज, जायकेदार भोजन का एकमात्र संस्थान
सेहत भोजनालय
गांधी चौक, अम्बिकापुर
स.हरजीत सिंह

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
दिनेश सिंह
SILVER CLOUD
GIRLS HOSTEL
गुरूकृपा डेकोर के पीछे अमर पेट्रोल पंप के सामने , पी.जी. कॉलेज के पास
अम्बिकापुर, 9340291519

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
धीरेन्द्र सिंह
कांट्रेक्टर
रणवीर सिंह, राजवीर सिंह - अम्बिकापुर

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
हमारे यहां उचित मूल्य पर सभी प्रकार के बीज व कीटनाशक उपलब्ध है
मानसून एग्रो एजेंसी
संगम चौक अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मो. 9826133412

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं..
राकेश गुप्ता
अम्बिकापुर

HAPPY DUSSEHRA
THE SPIRIT OF VICTORY
सत्येन्द्र प्रताप सिंह
एच.एन.इन्फोटेक/कैनन स्टोर
चोपड़ापारा, अम्बिकापुर
जानकी फ्यूल
लटोरी रोड, दतिमा, मो. 9826707102

विजय के प्रतीक
विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनिल सिंह बट्टुर
अरूण कुमार सिंह
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

खबर संक्षेप

युवक ने पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट



अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में युवक ने चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है और मामले की विवेचना चल रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटागहना उप सरपंच अनिल तिवारी ने16 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि गांव के राम वृक्ष कोरवा ने पत्नी चिंतामणि कोरवा की हत्या कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पंचनामा व पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इसके साथ ही पुलिस ने मृतिका के पति रामवृक्ष कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। घटना दिवस को भी मृतिका मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति से बात कर रही थी और अपने वर्षीय पुत्र को अपने साथ लेकर जाने की जिद कर रही थी। ऐसे में आक्रोशित होकर आरोपी ने घर में रखे लकड़ी के डंडे से पत्नी की बेदम पिटाई कर दी। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कोटागहना निवासी 35 वर्षीय रामवृक्ष कोरवा उर्फ पिंटू आ. जागर कोरवा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत 17 अक्टूबर को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, घटना के समय पहने गए कपड़े को जब्त करने के साथ ही आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बिना अनुमति ढहा दिया गया सात दशक पुराना खादी भंडार



सीतापुर। नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। बिना प्रशासनिक अनुमति के सात दशक पुराने भवन को तोड़े जाने का कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस ने शासन की बेशकीमती जमीन पर कब्जे की नीयत से ढहाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि नगर के मध्य नेशनल हाईवे क्रमांक 43 से सटे 70 साल पुराने खादी भंडार के भवन को रविवार के दिन जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। शासकीय भूमि पर निर्मित इस भवन को ढहाने के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी। बिना अनुमति के ही जेसीबी मशीन लगाकर उसे धराशायी कर दिया गया। रविवार छुट्टी के दिन ढहाए गये इस शासकीय भवन को लेकर नगर में तरह तरह की चर्चाये व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बिना प्रशासनिक अनुमति के इसे ढहा देना न्यायसंगत नही है। वहीं कांग्रेस ने खादी भंडार का दशकों पुराना भवन तोड़े जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने बिना प्रशासनिक अनुमति के कब्जे की नीयत से खादी भंडार के भवन को ढहाये जाने का आरोप लगाया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन प्रेषित कर जांच एवं कार्यवाही की मांग की है।
इस संबंध में जांच करने गए नायाब तहसीलदार उमेश तिवारी ने बताया कि बिना अनुमति खादी भंडार को तोड़े जाने के संबंध में पंचनामा तैयार कर सीएमओ नगर पंचायत को इस मामले में नोटिस जारी करने कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस भवन के पीछे सामाजिक भवन मौजूद है जहां आने वाले दिनों में बड़ा कार्यक्रम होने वाला है। जिसे देखते हुए समाज के लोगों द्वारा दुर्घटना की आशंका के मद्देनजर जर्जर हो चुके खादी भवन को ढहाया गया है। इस मामले में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है आगे की कार्रवाई उनसे मिलने वाले दिशानिर्देश के बाद किया जायेगा।

रामानुज मिनी स्टेडियम में विशाल रावण के पुतले का दहन होगा

मिनी स्टेडियम में होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में विशाल रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम होगा, इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इसके एक दिन पूर्व 19 अक्टूबर को शाम ढलने तक रावण सहित उसके भाईयों के पुतले को खड़ा नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 16 अक्टूबर से उक्त स्थल पर तीन दिवसीय गरबा नाईट कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसके चलते रावण के पुतले को उठाया नहीं जा सका है। ऐसी स्थिति में विजयादशमी के दिन रावण व अन्य पुतले को खड़ा किया जाएगा। विदित हो कि शारदीय नवरात्र शुरू होने के पूर्व ही जयनगर से आए कलाकारों के द्वारा बांस के सहारे रावण सहित कुंभकरण, मेघनाथ के पुतला निर्माण कार्य में जुट गए थे। इस बार रावण का पुतला 55 फीट तथा इससे कुछ छोटी कुंभकरण एवं मेधनाथ के पुतले का निर्माण किया गया है। विजयादशमी के दिन सभी देवी मूर्तियों के विसर्जन पश्चात रात्रि में निर्धारित समय पर विशाल रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर दहन स्थल पर भव्य आतिबाजी भी की जाती है। इस कार्यक्रम को देखने के लिए शहर सहित आस पास के अलावा दूर दराज के ग्रामीण भी बडी संख्या में कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम पहुंचते है।

अब दुर्लभ हो गया नीलकंठ पक्षी का दर्शन

दहशरा पर्व के अवसर पर नीलकंठ पक्षी का दर्शन अत्यंत शुभ माना जाता है इसी मान्यता को लेकर लोग दशहरा के दिन नीलकंठ पक्षी को देखने की तलाश में रहते है। इस दिन नीलकंठ का दर्शन साल भर सफलता के द्वार खोलने, सुख समृद्धी व सौभाग्य की प्राप्ति होती है लेकिन अब समय के साथ नीलकंठ पक्षी दुर्लभ हो गया सामान्य दिनों में भी कम ही लोगों को दिखाई देती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान श्री राम लंकापति रावण का वध करने जा रहे थे तब उन्हे नीलकंठ पक्षी के दर्शन हुए थे। इसे प्रभु राम की विजय का एक बड़ा संकेत माना गया था।



सलगवांकला में रावण दहन आज

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले के जनपद मुख्यालय सोनहत से लगे ग्राम सलगवां कला में 20 अक्टूबर को रात्रि में भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह होगी। इस संबंध में श्री श्री 108 श्री नवदुर्गा पूजा समिति सलगवांकला सोनहत के अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने बताया कि 20 अक्टूबर को सलगवांकला में भव्य तरीके से रावण दहन कार्यक्रम होगा। इस हेतु विशाल रावण के पुतले का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और रात्रि 8 बजे मुख्य अतिथि भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के उपस्थिति में बुराई के प्रति अच्छाई के जीत का प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर रात्रि 9:30 बजे लकी ड्रा भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में स्थल पर सामुहिक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। श्री जायसवाल ने आयोजित उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को सम्मिलित होने की अपील की है।



श्रमवीर स्टेडियम में आज होगा 40 फीट ऊंचे रावण का दहन

चरचा कॉलरी। कोयलांचल क्षेत्र के नगर पालिका शिवपुर-चरचा में विजयादशमी पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व के अवसर पर चरचा के श्रमवीर स्टेडियम में मंगलवार की शाम भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रावण दहन समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी आयोजन की तैयारियां जोर-शोर की जा रही हैं। इस बार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 40 फीट ऊंचा रावण का पुतला होगा, जिसका दहन क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े के हाथों किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चरचा क्षेत्र में दशहरा पर्व पर रावण दहन की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। प्रतिवर्ष श्रमवीर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। परिवार के साथ रावण दहन देखने की परंपरा के चलते यह आयोजन क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल है। इस वर्ष भी समिति द्वारा कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार की शाम होने वाले रावण दहन को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। रावण दहन समिति के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रमवीर स्टेडियम में रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मैयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा उनके हाथों रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, सह क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल और पंकज गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं समिति के सदस्य शामिल होंगे। समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ ही दशहरा पर्व की परंपरा को उत्साहपूर्वक मनाने की तैयारी है। रावण दहन के अवसर पर स्टेडियम में लोगों की अच्छी-खासी भीड़ जुटने की उम्मीद है। इस वर्ष 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा।

10 लाख की लागत से स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

स्थल निरीक्षण कर क्षत्रिय समाज को मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



क्षत्रिय समाज द्वारा डोमनहिल स्थित क्षत्रिय भवन में रविवार को शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। शस्त्र पुजा एवं मां काली के छायाचित्र का पूजन करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने भवन निर्माण के लिए मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी में बेरोजगारी बहुत है, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, समाज के मंत्री ने भवन के लिए स्वीकृत 37 लाख रुपए और स्टेज के लिए 25 लाख रुपए की राशि के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारे विधायक प्रदेश में कैबिनेट मंत्री हैं। वे घंटों-घंटों में क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। कुछ घंटे पहले चिरमिरी में होते हैं, तो कुछ घंटे बाद रायपुर में होने की जानकारी मिलती है। शस्त्र पूजा कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज क्षत्रिय समाज द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज से मनोनीत एल्डरमैन उपेंद्र सिंह को शॉल और श्रीफल पहनाकर सम्मानित किया गया।

मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि यह मेरा विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन जब मैं यहां लोगों से मिलता हूं, तो लगता है कि अपने परिवार के बीच में हूं। कुछ लोग पद पाने के लिए कुछ भी करते रहते हैं और मैं कुछ करने के लिए पद पर बैठा हूं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हमारी संस्कृति से भी गुरेज है। क्या हम अपनी संस्कृति को भूल जाएं यह बात उन्होंने गरबा महोत्सव के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टीका-टिप्पणी के संदर्भ में कही। विधायक जायसवाल ने कहा कि क्या संस्कृति को सिर्फ इसलिए भूल जाएं कि इसमें खर्च हो रहा है शस्त्र पूजा भी समाज के लोगों को एक स्थान पर एकत्रित कर जोड़ने की परंपरा है। खर्च तो इसमें भी लगता है, तो क्या इसे बंद कर दिया जाना चाहिए मेरा जवाब है बिल्कुल नहीं। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय का धर्म छाते के रूप में लोगों को सुरक्षित करना है। क्षत्रिय भले ही कद में छोटा हो, लेकिन जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो क्षत्रिय का विशाल रूप दिखाई देता है। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने क्षत्रिय समाज के प्रेरणादायक महापुरुषों महाराणा प्रताप सिंह, महाराणा सांगा और पृथ्वीराज चैहान को याद किया। मंत्री जायसवाल ने आगे कहा कि कलचुरियों ने 18-18 गढ़ों को मिलाकर छत्तीसगढ़ बनाया है। मैं आप लोगों के सम्मान के लिए 18-18 घंटे काम कर रहा हूं, ताकि आप प्रदेश के किसी भी जिले में जाएं, तो आपको सम्मान की नजर से देखा जाए। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक बीज लगाया, पानी डाला और उसे पेड़ बनाया है, जिसे अब पूरा छत्तीसगढ़ जानता है। इस दौरान चिरमिरी के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अमृत जल मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना के लिए 185 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से डोमनहिल, पोड़ी, हल्दीबाड़ी, कोरिया और गोदरीपारा में पांच विद्युत सबस्टेशन बनाए जाएंगे। इससे क्षेत्र में बिजली की समस्या दूर होगी। उन्होंने रेलवे जैसी बड़ी परियोजना, जिला अस्पताल के कायाकल्प, 150 से अधिक स्टाफ की व्यवस्था, 1,000 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम और नालंदा परिसर का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएँ चिरमिरी में स्थायित्व लाने के साथ रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने वाली साबित होंगी।

क्षेत्र में 8 मीटर चैड़ी सड़कें बनाई जा रही

पूरे क्षेत्र में 8 मीटर चैड़ी सड़कें बनाई जा रही हैं। उन्होंने गंभीरता से कहा कि चिरमिरी को कैंसर जैसी बीमारी की तरह खड़ा किया गया है और कैंसर का इलाज दो इंजेक्शन से नहीं हो सकता। इसलिए मुझ पर भरोसा रखें। चिरमिरी में लगातार बदलाव हो रहा है, जो आपको भी दिखाई देगा। कार्यक्रम के अंत में क्षत्रिय समाज की मांग पर महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। मंत्री ने अगले शस्त्र पूजा कार्यक्रम तक प्रतिमा स्थापना का कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षत्रिय समाज से मनोज सिंह, प्रमोद सिंह, राम लखन सिंह, बृजेश सिंह, उपेंद्र सिंह, राजू नायक, रमन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

विवेकानंद चौक से निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर में होगी पूजा-अर्चना

विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के पावन अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिलेगा। भगवान श्रीराम के प्रति आस्था और श्रद्धा को समर्पित करते हुए सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में मंगलवार, 20 अक्टूबर को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

आयोजकों ने नगरवासियों सहित समस्त हिंदू समाज के लोगों से शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह 11 बजे भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा विवेकानंद चौक से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा सुभाष नगर चौक, महाराणा प्रताप कॉलोनी, नेपाल गेट, कृष्णा नगर चौक, वीटीसी कॉलोनी चौक, हनुमान मंदिर, राजीव गांधी चौक एवं बाजारपारा लाइन से होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं आरती की जाएगी। इसके पश्चात शोभायात्रा वापस सुभाष नगर स्थित दुर्गा पंडाल पहुंचेगी, जहां कार्यक्रम का समापन होगा। शोभायात्रा के समापन के पश्चात सुभाष नगर स्थित दुर्गा पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। सर्व हिंदू समाज की ओर से नगर के सभी श्रद्धालुओं, युवाओं, महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा में शामिल हों और भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

मां दुर्गा के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंज रहा जनकपुर

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर



वनांचल से नगर तक एक ही गूंज- जय माता दी

जनकपुर और आसपास के वनांचल क्षेत्र में नवरात्र का उत्साह इस बात का प्रतीक है कि आस्था की डोर भौगोलिक दूरियों से कहीं अधिक मजबूत होती है। मां के दरबार में पहुंचने वाला हर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा, विश्वास और उम्मीदों के साथ माता रानी के चरणों में नमन कर रहा है। किसी की आंखों में भक्ति की चमक है, तो किसी के चेहरे पर दर्शन के बाद मिलने वाली आत्मिक शांति का

वनांचल की शांत वादियों से लेकर जनकपुर नगर पंचायत की गलियों तक इन दिनों मां जगदम्बे की भक्ति की अविरल धारा बह रही है। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। कहीं माता रानी की दिव्य और तेजस्वी प्रतिमा श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रही है, तो कहीं रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से जगमगाते पूजा पंडाल आस्था और उल्लास की अनुपम छटा बिखेर रहे हैं।

मां के दर्शन की लालसा लिए सुबह से देर शाम तक श्रद्धालु दरबार पहुंच रहे हैं। कोई परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहा है, तो कोई जीवन में सुख, शांति और खुशहाली का आशीर्वाद मांग रहा है। नवरात्र के इस पावन पर्व ने जनकपुर के वातावरण को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। जनकपुर के हृदय स्थल स्थित हनुमान मंदिर परिसर, तुर्रा मंदिर, फॉरेस्ट कॉलोनी और ठाकुर बाबा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन पूजा स्थलों पर की गई आकर्षक साज-सज्जा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पंडालों की कलात्मक बनावट, रंग-बिरंगी विद्युत झालरें और मां के मनोहारी स्वरूप ने दुर्गोत्सव की रौनक बढ़ा दी है। प्रत्येक दरबार में पहुंचकर श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं अर्पित कर रहे हैं। मां दुर्गा की प्रतिमाओं का दिव्य स्वरूप भक्तों को कुछ पल ठहरकर निहारने के लिए विवश कर देता है। सुसज्जित दरबार में विराजमान माता रानी की छवि श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा और विश्वास का भाव जगा रही है। पूजा पंडालों में परिवार सहित पहुंच रहे लोग दर्शन-पूजन के साथ नवरात्र की खुशियां साझा कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग के लोगों में माता के प्रति गहरी आस्था दिखाई दे रही है। दिन ढलते ही जनकपुर के पूजा पंडालों की भव्यता और निखर उठती है। विद्युत झालरों की जगमगाहट, सुसज्जित पंडाल और माता रानी के दिव्य दर्शन का दृश्य श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। शाम के समय दर्शनार्थियों की आवाजाही से पूजा स्थलों पर उत्सवी माहौल दिखाई देता है। मां के जयकारों से गूंजता वातावरण भक्तों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। नवरात्र केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी अवसर है। अलग-अलग मोहल्लों और आसपास के वनांचल क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु एक ही भाव से माता के चरणों में शीश नवाते हैं।

59 सीढियां चढ़ते ही माल डोंगरी में होते हैं मां शारदा के दिव्य दर्शन

जनकपुर। वनांचल की वादियों में बसी माल डोंगरी की पहाड़ी, प्रकृति की गोद में विराजमान मां शारदा मइया का दिव्य दरबार और श्रद्धा से गूंजती रामचरितमानस की चौपाइए। यह दृश्य केवल एक मंदिर की कहानी नहीं, बल्कि अटूट आस्था, लोकविश्वास और पीढ़ियों से चली आ रही भक्ति परंपरा का जीवंत प्रमाण है। एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर की ग्राम पंचायत सिंगरौली के आश्रित ग्राम अमराडंडी में स्थित माल डोंगरी पर मां शारदा मइया भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई हैं। गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित इस मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 59 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।







